
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित



बर्ष :13 अंक :448 पृष्ठ -4 दिनांक 10 अप्रेल 2025 दिन गुरूवार

# सीएम योगी के निर्देशों का असर, गेहूं खरीद में बना रिकॉर्ड, गांव–गांव पहुंचे अधिकारी

## हफ्ते में सरकारी गेहूं खरीद का आंकड़ा 1 लाख मीट्रिक टन को पार



उत्तर प्रदेश में इस साल गेहूं खरीद ने रफ्तार पकड़ ली है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश और राज्य सरकार की रणनीति का असर दिखने लगा है. पहली बार ऐसा हुआ है कि अप्रैल के पहले ही हफ्ते में सरकारी गेहूं खरीद का आंकड़ा 1 लाख मीट्रिक टन को पार कर गया है. इससे किसानों में भी संतोष का माहौल है.राज्य सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अब तक कुल 356,797 किसानों ने गेहूं खरीद सत्र में पंजीकरण कराया है. इनमें से 20,409 किसानों से 105,902.39 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है. इसके लिए 5780 गेहूं क्रय केंद्र और 736 डिपो बनाए गए हैं, जो लगातार खरीद में जुटे हैं.सरकार का दावा है कि इस बार गेहूं खरीद में अच्छी सफलता इसलिए मिल रही है क्योंकि कटाई से पहले ही अधिकारियों ने गांव–गांव जाकर किसानों को सरकारी केंद्रों तक आने के लिए प्रेरित किया. पंजीकरण और सत्यापन प्रक्रिया को भी सरल और तेज किया गया है. अब कोई भी पंजीकृत किसान बिना सत्यापन के 100 क्विंटल तक गेहूं बेच सकता है और सत्यापन के बाद अपनी उत्पादन क्षमता के तीन गुना तक बिक्री कर सकता है.

इस बार पहली बार मोबाइल क्रय केंद्रों की शुरुआत भी की गई है, जो किसानों के खेतों तक पहुंचकर वहीं पर तुलाई और खरीद की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं. इसके साथ ही सीएम योगी के निर्देश पर अवक.ाश के दिन भी खरीद केंद्र खुले रखे जा रहे हैं, ताकि किसानों को समय पर सुविधा



मिल सके जहां सरकार इस उपलब्धि को अपनी नीति और किसान हितैषी सोच का नतीजा बता रही है, वहीं विपक्ष इस पर सवाल उठा रहा है. विपक्षी दलों का कहना है कि अगर सरकार किसानों का इतना ही ख्याल रखती है तो देश और प्रदेश दोनों जगह बीजेपी की सरकार होते हुए भी डैच (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर कानून क्यों नहीं लाया जा रहा है? विपक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव के समय किसानों को वादे तो किए जाते हैं, लेकिन जब बात कानूनी सुरक्षा देने की आती है तो सरकार पीछे हट जाती है.उत्तर प्रदेश भारत के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में शामिल है. यहां हर साल अप्रैल से जून के बीच गेहूं की सरकारी खरीद होती है. इस साल सरकार ने डैच 2275 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है. किसान चाहते हैं कि यह कीमत कानूनी रूप से सुनिश्चित हो, जिससे बाजार में उन्हें धोखा न मिले.

## पति को आई झपकी! कार खाई में गिरीय . पत्नी की मृत्यु, दो बच्चियां घायल

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में बुधवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु हो गई, जबकि उसकी दो मासूम बच्चियां घायल हो गईं। थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब कार चला रहे मुकेश को झपकी आ गई जिससे कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।बता दें कि इस दुर्घटना में मुकेश की पत्नी मीनू (35 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 वर्षीय शिवानी और पांच वर्षीय सुहानी इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली देहात पुलिस ने घायलों को कार से बाहर निकालकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के शिकार मुकेश ने बताया कि वे सभी जालौन के राठौरपुरा गांव से कुरुक्षेत्र जा रहे थे। पुलिस ने मीनू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

## फतेहपुर में 3 ठाकुरों और 1 दलित की हत्या पर मायावती ने योगी सरकार से की बड़ी मांग, जानें– क्या कहा?

उत्तर प्रदेश स्थित फतेहपुर में बीते दिनों हुए हत्याकांड पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने योगी सरकार से बड़ी मांग की है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर दो पोस्ट्स के माध्यम से बसपा चीफ ने कहा कि कानून व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए. बसपा चीफ ने लिखा– यू.पी. में आए दिन हर छोटी–छोटी बात पर लोगों का शोषण व उत्पीड़न आदि हो रहा है जिसके तहत् अभी हाल ही में जिला फतेहपुर के एक ही किसान परिवार के 3 क्षत्रियध्ठाकुरों की व एक दलित व्यक्ति की भी हत्या कर दी गई है, जिससे लोगों में वहाँ काफी दहशत व्याप्त है.उन्होंने लिखा– सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करके वहाँ पीड़ित परिवार को समय से न्याय दे तथा कानून–व्यवस्था को भी सुधारने पर विशेष ध्यान दे.वहीं फतेहपुर हत्याकांड पर समाजवादी पार्टी के सांसद आर.के चौधरी ने कहा, श्भाजपा सरकार का पूरा ध्यान हिन्दू मुस्लिम को बांटने में है. कानून व्यवस्था बिगड़ रही है. नौकरी, महंगाई पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है.श्दूसरी ओर एसपी फतेहपुर धवल जयसवाल ने बताया, श्थाना हथगांव क्षेत्र में हत्या के मामले में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही थी. आज चेकिंग के दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गई. जवाबी कार.ʼवाई में 2 अभियुक्तों को गोली लगी है. हत्या के मामले में अब तक 4 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है.श इससे पहले बुधवार को प्रयागराज ।क्ळ भानु भास्कर ने बताया था, श8 अप्रैल को सुबह करीब 7 बजे 3 लोगों की निर्मम हत्या की सूचना मिली.इसके पीछे पुरानी रंजिश समेत कई कारण बताए जा रहे हैं.स्थानीय पुलिस और कई अन्य बल मौके पर पहुंचे और तुरंत जांच शुरू कर दी. 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है और बाकी दोषियों को पकड़ने के लिए कई टीमें काम कर रही हैं.।

## वाराणसी:प्राथमिक विद्यालय में लापरवाही पर कट गया वेतन, तब भी नहीं सुधरे तो 6 शिक्षक निलंबित




वाराणसी के बेसिक शिक्षा अधिकारी की तरफ से बड़ी कार्रवाई करते हुए प्राथमिक विद्यालय के 6 अध्यापकों को निलंबित किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सभी समय से विद्यालय नहीं आते थे. बच्चों के पठन–पाठन को लेकर इनका लापरवाही भरा रुख रहा. इसके अलावा यह सभी प्रथम कार्रवाई के दौरान वेतन कटने के बाद भी नहीं सुधरे. हालांकि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबन करवाई के बाद जनपद में हलचल की स्थिति है और अन्य प्राथमिक विद्यालयों के लापरवाह अध्यापकों में भी हड़कंप मचा हुआ है.जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अरविंद कुमार पाठक की तरफ से एबीपी न्यूज को मिली जानकारी के अनुसार काशी विद्यापीठ के प्राथमिक विद्यालय बलीपुर को लेकर एक शिकायत प्राप्त हुई थी कि यहां पर पठन–पाठन का कोई माहौल नहीं है. इसके अलावा समय से अध्यापक विद्यालय नहीं आते हैं. इसको लेकर 7 मार्च को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया था. इसके बाद वेतन रोकते हुए सभी को चेतावनी भी दी गई थी. लेकिन इसके बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ. अध्यापकों की लापरवाही लगातार बनी रही. इस दौरान एक वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें छात्र–छात्राओं को यह बताया जा रहा था कि अध्यापक यहां समय से नहीं आते हैं और गलत जानकारी दी जा रही थी. इसके आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा टीम बनाकर पुनः विद्यालय के निरीक्षण के लिए भेजा गया. इस बार भी अध्यापक विद्यालय में उपस्थित नहीं थे. हैरान करने वाला विषय यह था कि इस दौरान सिर्फ 9 बच्चे विद्यालय में उपस्थित थे. विद्यालय की अन्य भी व्यवस्थाएं काफी खराब नजर आ रही थी. टीम द्वारा रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए प्राथमिक विद्यालय बलीपुर के 6 अध्यापकों को निलंबित किया है. अब इसके बाद अन्य विद्यालय के भी लापरवाह शिक्षकों में हड़कंप की स्थिति है.

## यूपी में गाड़ी खरीदने वालों के लिए बुरी खबर, वाहनों पर बढ़ गया टैक्स

उत्तर प्रदेश में नई गाड़ी खरीदने वालों के लिए अब बुरी खबर है. यूपी कैबिनेट ने एक बैठक में रोड टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है. जानकारी के अनुसार 10 लाख रुपये तक की गाड़ियों पर अब 9 फीसदी कर लगेगा. हालांकि 40 हजार तक के दो पहिया वाहनों के कर में कोई बदलाव नहीं किया गया है. हालांकि ईवी गाड़ियों के लिए तय की गई छूट जारी रहेगी.कैबिनेट में जिस प्रस्ताव को मंजूरी मिली है उसके अनुसार 40 हजार के दो पहिया वाहनों पर 7 फीसदी कर लगता था. आगे भी वही लगेगा. वहीं 40 हजार से अधिक कीमत वाले दोपहिया वाहनों पर अभी तक 10 फीसदी कर लगता था, अब इसे बढ़ाकर 11 फीसदी कर दिया गया है. वहीं 10 लाख रुपये तक की बिना एसी वाली गाड़ियों पर अभी तक 7 फीसदी कर लगता था, अब यह बढ़कर 8 फीसदी हो गया है. वहीं 10 लाख तक के एसी वाले चार पहिया वाहनों पर 8 फीसदी की जगह 9 फीसदी कर लगेगा. इसके अलावा 10 लाख से ज्यादा कीमत वाली चार पहिया गाड़ियों पर अब 11 फीसदी कर लगेगा. इस संदर्भ में यूपी सरकार में वित्त और संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने एक प्रेस वार्ता में कहा था कि निजी वाहनों के ऊपर टैक्स कम नहीं किया है. उसमें एक एकः बढ़ाया है सात से आठ आठ से नौ नौ से 10.सरकार का मानना है कि इस बदलाव से राज्य के राजस्व को लाभ होगा. उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधियनियम 1997 के अंतर्गत टैक्स में बदलाव के लिए परिवहन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है. साल 2015 के बाद यह टैक्स बढ़ाए गए हैं. जो टैक्स बढ़ाए गए हैं, वह वन टाइम रोड टैक्स हैं.एक आंकलन के अनुसार टैक्स में की गई वृद्धि से परिवहन विभाग को हर साल 413 करोड़ रुपये की आय होगी.

## हमीरपुर : महिला को थप्पड़ मारते इंस्पेक्टर का वीडियो वायरल, पुलिसकर्मी के खिलाफ बैठ सकती है जांच

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले से एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां थाना चिकासी के इंस्पेक्टर संतोष कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में इंस्पेक्टर एक ग्रामीण महिला को सरेआम थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं.घटना चिकासी थाना क्षेत्र के जिगनी गांव की बताई जा रही है, जहां एक पारिवारिक विवाद को सुलझाने पहुंचे इंस्पेक्टर संतोष कुमार आपा खो बैठे और विवाद में शामिल एक महिला को थप्पड़ जड़ दिया.वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ ग्रामीणों के सामने ही इंस्पेक्टर महिला से बात कर रहे होते हैं और अचानक गुस्से में आकर उसे थप्पड़ मार देते हैं. महिला सहम जाती है, लेकिन इंस.पेक्टर पर कोई असर नहीं होता.इस घटना के वीडियो के वायरल होते ही लोगों में गुस्सा है और पुलिस की कार्यशैली पर फिर सवाल उठने लगे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि कानून की रक्षा करने वाले अगर खुद हिंसा पर उतर आएंगे, तो आम जनता कहां जाएगी?घटना के बाद से सोशल मीडिया पर इंस्पेक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग हो रही है. कई सामाजिक संगठनों और महिलाओं से जुड़ी संस्थाओं ने इस मामले में पुलिस विभाग से कार्रवाई की मांग की है.उत्तर प्रदेश में पुलिस द्वारा की जा रही बदसलूकी और अभद्रता के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं. पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें पु.लिसकर्मी आम नागरिकों से दुर्व्यवहार करते नजर आए हैं. योगी सरकार लगातार पुलिस को सुधारने की बात करती रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही दिख रही है.फिलहाल हमीरपुर पुलिस अधीक्षक की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक, वायरल वीडियो के आधार पर जांच बैठाई जा सकती है.

आगरा में एक ऐसा मामला सामने आया है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. एक बंद घर में मां और बेटी का शव बरामद हुआ है जो ताले में बंद था. घर के अंदर से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस में जब घर का दरवाजा खोलकर देखा तो सब हैरान रह गए. घर के अंदर मां और बेटी का शव कंबल में लिपटा हुआ बरामद हुआ और पति मौके से फरार था. पत्नी और बेटी हत्या पति फरार हो गया और घर पर बाहर से ताला लगा दिया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी. थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के खतेना का है, खतेना क्षेत्र में एक मकान में से दुर्गंध आ रही थी. आस पास के लोग समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर दुर्गंध क्यों आ रही है. क्योंकि घर के दरवाजे पर ताला लगा हुआ था, जिस घर से दुर्गंध आ रही थी वहां राशिद रहता है, राशिद के साथ पत्नी और बेटी भी रहती थी. जब बंद मकान से लगातार दुर्गंध आती रही तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने वीडियोग्राफी करते हुए मकान का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देख सब चौंक गए क्योंकि सामने कंबल में लिपटे दो शव पड़े हुए थे और राशिद घर से फरार था. जिसके चलते आशंका जताई जा रही है कि पत्नी और बेटी की हत्या कर राशिद मौके से फरार हो गया है. बताया जा रहा है कि राशिद दोनों की हत्या कर घर के बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया है.

## यूपी में आलू किसानों की आमदनी होगी दोगुनी, योगी सरकार के प्लान से इन जिलों को फायदा

उत्तर प्रदेश में अब "किंग ऑफ वेजिटे.बल्स" यानी आलू का जलवा और भी बढ़ने वाला है. योगी सरकार की पहल पर आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो रिसर्च सेंटर और सहारनपुर–कुशीनगर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटैटो की स्थापना की जा रही है. इसका मकसद किसानों को बेहतर किस्मों, नई तकनीक और ज्यादा उपज की जानकारी देना है, जिससे न सिर्फ उपज बढ़ेगी, बल्कि उनकी आमदनी भी दोगुनी होगी.आलू देशभर में सबसे ज्यादा खाई जाने वाली और लोकप्रिय सब्जी है. इसका इस्तेमाल सब्जी, स्नैक्स, चिप्स, पापड़ से लेकर शराब बनाने तक में होता है. इसकी लोकप्रियता और बहुउपयोगिता के कारण इसे 'सब्जियों का राजा' कहा जाता है. खास बात यह है कि देश का एक तिहाई यानी करीब 35ः आलू अकेले उत्तर प्रदेश में पैदा होता है. यूपी में प्रति हेक्टेयर आलू की उपज 23 से 25 टन तक है, जो राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है. हालांकि अब भी आलू उत्पादन में कई चुनौतियां हैं, जैसे– अच्छी किस्म के बीजों की कमी, रिसर्च की किसानों तक पहुंच न होना और तकनीकी जानकारी की कमी. इसी समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर की शाखा खोलने की प्रक्रिया शुरू की है. यह केंद्र पेरू के लीमा में मुख्यालय वाले ग्लोबल सेंटर का हिस्सा होगा.यूपी के इन मंडलों में सबसे अधिक आलू की



खेतीइसके साथ ही, सहारनपुर और कुशीनगर में भी एक्सीलेंस सेंटर बनाए जा रहे हैं ताकि पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसान इस सुविधा से जुड़ सकें. मेरठ, आगरा, मुरादाबाद, कानपुर, बरेली और अलीगढ़ मंडलों में आलू की सबसे ज्यादा खेती होती है, इसलिए ये सेंटर इन इलाकों के किसानों के लिए वरदान साबित हो सकते हैं.यूरोप जैसे देशों में प्रति हेक्टेयर 38 से 44 टन आलू का उत्पादनकृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इन नए केंद्रों की मदद से किसान जल्दी पकने वाली, कम तापमान में भी उपज देने वाली, और चिप्स जैसे प्रोसेसिंग के लिए उपयुक्त प्रजातियों की जानकारी पा सकेंगे. जैसे दृ कुफरी ख्याति, कुफरी शौर्या, कुफरी चिपसोना जैसी प्रजातियां जो कम समय में तैयार होती हैं, लेकिन किसानों को इनके बीज नहीं मिल पाते. यूरोप जैसे देशों में प्रति हेक्टेयर 38 से 44 टन आलू का उत्पादन होता है, वहीं उत्तर प्रदेश में अभी इसमें काफी सुधार की गुंजाइश है. इसलिए रिसर्च और आधुनिक खेती से यहां के किसान भी विश्वस्तरीय उपज पा सकते हैं. आलू शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी है बढ़ाता आलू पोषण के लिहाज से भी खास है. इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन–सी, बी6, पोटैशियम, मैग्नीशियम और फाइबर जैसे जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं. यह न केवल ऊर्जा का अच्छा स्रोत है बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है. योगी सरकार की इस पहल से उम्मीद है कि आलू किसानों की आमदनी बढ़ेगी, राज्य को नया पहचान मिलेगी और 'किंग ऑफ वेजिटेबल्स' की बादशाहत और मजबूत होगी.

# हाथरस में जनता की शिकायतों के बेहतर और त्वरित समाधान के लिए एक पहल की गई

हाथरस में जनता की शिकायतों के बेहतर और त्वरित समाधान के लिए एक पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने पुलिस कार्यालय में आ. ईजीआरएस से जुड़े 16 पुलिसकर्मियों को मोबाइल सिम वितरित किए।यह कदम मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आ. ईजीआरएस जनसुनवाई–समाधान पोर्टल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उठाया गया है। इस पोर्टल पर आम नागरिक अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। मुख्यमंत्री स्वयं हर महीने इसकी समीक्षा करते हैं और प्रत्येक जिले की रैंकिंग निर्धारित की जाती है।एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। नए मोबाइल सिम के माध्यम से पुलिसकर्मी शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक ले सकेंगे।जनता भी इन मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर अपनी शिकायत की स्थिति जान सकेगी। इससे आम नागरिकों और पुलिस के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा। साथ ही शिकायतकर्ताओं का फीडबैक भी समय पर लिया जा सकेगा। आईजीआरएस कार्य में जिले में हसायन थाने में पहला स्थान प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक ने वहां के पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार दिया है।

# हाथरस के मुरसान क्षेत्रके ग्राम पंचायत बमनई में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती मनाई गई

हाथरस के मुरसान क्षेत्रके ग्राम पंचायत बमनई में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण किया गया।कार्यक्रम में डॉ. अशोक चौहान ने होम्योपैथी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने डॉ. हैनिमैन के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए होम्योपैथिक दवाओं के सही उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया की होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में हर बीमारी का इलाज है।कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इनमें मनीष कुमार, राजकुमार, आकांक्षा महेश्वरी प्रमुख थे। बमनई के प्रधान कमलेश, श्याम प्रधान खजुरिया, प्रधान धर्मपाल पुरा भी मौजूद रहे। जीतू और अमन कुमार सहित अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके अलावा अन्य कई अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# अलीगढ़ के सासनी स्थित पराग डेयरी में बनी अस्थाई गौशाला का आज अधिकारियों ने निरीक्षण किया

अलीगढ़ के सासनी स्थित पराग डेयरी में बनी अस्थाई गौशाला का आज अधिकारियों ने निरीक्षण किया। तहसीलदार अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम ने गोवंशों की गिनती कराई। टीम में एडीओ पंचायत बिहारी लाल, सीबीओ डॉ रविंद्र कुमार, राजस्व निरीक्षक प्रमोद अग्निहोत्री, सचिव अजय शर्मा और क्षेत्रीय लेखपाल विवेक शामिल थे। तहसीलदार ने गौशाला में चारा, पानी और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों में हलचल मच गई। केयरटेकर अपने–अपने कार्यों में व्यस्त दिखे। तहसीलदार ने केयरटेकर्स को निर्देश दिए कि गोवंशों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या होने पर कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।अभिलेखों के अनुसार गौशाला में 1577 गोवंश मौजूद हैं। इस दौरान गौशाला में डॉ दिनेश शर्मा, पशुधन प्रसार अधिकारी लीवेश गर्गाचार्य, मनोज उमेश शर्मा, धर्मवीर केशव चौधरी सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# बुधवार को हाथरस के सासनी स्थित श्री 1008 पदम् प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में विश्व नवकार मंत्र दिवस मनाया गया

बुधवार को हाथरस के सासनी स्थित श्री 1008 पदम् प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में विश्व नवकार मंत्र दिवस मनाया गया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में दुनिया भर के जैन समाज को जोड़ा गया।कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि 108 देशों में स्थित लगभग 6 हजार जैन मंदिरों और साधना केंद्रों में एक साथ नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शिरकत की और सभी को संबोधित किया।जैन समाज सासनी के महामंत्री अंजय कुमार जैन ने बताया कि विभिन्न मुनिराज ससंघ के सानिध्य में जैन समाज के साथ–साथ अन्य धर्मों के श्रद्धालुओं ने भी नवकार मंत्र का जाप किया। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से इस विश्व्यापी आध्यात्मिक अभियान से जुड़कर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम में अंजय कुमार जैन, अतुल कुमार जैन, विपुल लुहाड़िया समेत जैन



समाज के कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। महिला सदस्यों में राजकुमारी जैन, सुनीता जैन, पुष्पा जैन, रश्मि जैन सहित अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

# हाथरस में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष शोभायात्रा का आयोजन की तैयारियां

हाथरस में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा 14 अप्रैल को निकाली जाएगी। शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए दो संयोजक और समाज के सात प्रमुख सदस्यों की एक समन्वय समिति बनाई गई है।संयोजक डॉ. राहुल सिंह और सुषमा सिंह ने बताया कि इस बार शोभायात्रा में 134 झांकियां शामिल होंगी। शोभायात्रा का मार्ग सीयल खेड़ा स्थित संत आश्रम से शुरू होगा।डॉ अंबेडकर पार्क पर होगी समाप्त यह शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अलीगढ़ रोड स्थित अंबेडकर पार्क पर समाप्त होगी। इस वर्ष आयोजकों ने कुछ विशेष नियम बनाए हैं। शोभायात्रा में तेज आवाज वाले डीजे की अनुमति नहीं होगी।जाति सूचक गाने भी प्रतिबंधित रहेंगे। गुलाल का उपयोग पूरी तरह से वर्जित है। शराब पीकर शोभायात्रा में शामिल होने की भी मनाही रहेगी। इस मौके पर अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे

**हाथरस के सासनी में एक घटना सामने आई** सासनी के गांव बिजाहरी की 24 वर्षीय सुधा की भीषण गर्मी में चक्कर आने से मौत हो गई। सुधा दोपहर करीब 3 बजे अपनी मां से चाऊमीन लेने जाने की बात कहकर घर से पैदल निकली थी।सुधा के पिता दुर्गा प्रसाद की पहले ही मौत हो चुकी है। दोपहरी में कस्बा सासनी के बाजार में पहुंचते ही वह अचानक चक्कर खाकर गिर पड़ी। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सुधा की 30 अप्रैल को अलीगढ़ से शादी होनी थी और उसका रिश्ता तय हो गया था।स्थानीय लोगों की मदद से सुधा को जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों का मानना है कि भरी दोपहरी में गर्मी की वजह से ही सुधा को एकाएक चक्कर आए और वह गिर पड़ी। इसी वजह से उसकी मौत हुई है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत्यु का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा। मौत की खबर सुनते ही परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंच गए। घटना ने पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

सासनी बस स्टैंड पर यात्रियों को पीने के पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत द्वारा लगवाया गया लाखों रुपए का आरओ प्लांट लंबे समय से बंद पड़ा है।बस स्टैंड पर 24 घंटे यात्रियों का आना–जाना लगा रहता है। रात के समय यात्रियों को पीने के पानी की व्यवस्था नहीं मिल पाती है। नगर पंचायत प्रशासन ने कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की है। महंगा आरओ प्लांट अब केवल सजावटी वस्तु बन कर रह गया है।प्लांट के आसपास अतिक्रमण की समस्या भी बढ़ती जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# हाथरस में किसान चौपाल का आयोजन 13 अप्रैल को चिरावली गौशाला में गौवंश और प्राकृतिक खेती पर होगी चर्चा

हाथरस के ग्राम चिरावली में किसानों की समस्याओं को लेकर एक आयोजन होने जा रहा है। गांव किसान उन्नयन मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के संयुक्त तत्वावधान में 13 अप्रैल 2025 को किसान चौपाल का आयोजन किया जाएगा।सादाबाद ब्लॉक स्थित चिरावली गौशाला में सुबह 11 बजे से यह कार्यक्रम शुरू होगा। इस चौपाल में किसान, पशुपालक और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में निराश्रित गौवंश की समस्या पर विशेष चर्चा होगी। साथ ही स्थानीय गौशालाओं की स्थिति और प्राकृतिक खेती के विषय में भी विचार–विमर्श होगा।किसानों की समस्याओं पर होगी चर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव किसान उन्नयन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष केपी सिंह ठैनुआं करेंगे। वे भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के मुख्य



संरक्षक भी हैं। कई गांवों के किसान प्रतिनिधि और पंचायती राज के प्रतिनिधि भी इस चौपाल में शामिल होंगे।जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय को विशेष आमंत्रण भेजा गया है।उपजिलाधिकारी सादाबाद, जिला कृषि अधिकारी और जिला सूचना अधिकारी को भी कार्यक्रम की सूचना दी गई है। आयोजकों ने सभी किसानों और पंचायत प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास और गौवंश सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ठोस रणनीति बनाना है।

# हाथरस में राणा सांगा को गद्दार कहने का मामला सांसद सुमन के खिलाफ क्षत्रिय महासभा की याचिका पर सुनवाई

हाथरस की एमपी–एमएलए कोर्ट में एक मामले की सुनवाई हुई। क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव मतेंद्र सिंह गहलोत ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ याचिका दायर की है।गहलोत का आरोप है कि सुमन ने राज्यसभा में महाराणा सांगा को गद्दार कहकर क्षत्रिय समाज का अपमान किया। याचिकाकर्ता ने बताया कि वे खुद महाराणा सांगा के वंशज हैं। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज महाराणा सांगा के शौर्य को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता है। सुमन ने 22 मार्च को सोशल मीडिया पर अपना यह विवादित बयान दोहराया।गहलोत का कहना है कि इस तरह के बयान से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने और जातीय संघर्ष फैलने का खतरा है। याचिकाकर्ता ने पहले थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की। कार्रवाई न होने पर एसपी को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी। कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बाद उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय में दोनों पक्षों की बहस आज की सुनवाई में गहलोत की ओर से अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंडीर ने पैरवी की। सुमन का पक्ष भी उनके अधिवक्ता ने रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने 10 अप्रैल को अपना आदेश सुनाने की तिथि तय की है।

# हाथरस में मनरेगा के रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया

हाथरस में मनरेगा के रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने लंबित वेतन और अन्य मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। रोजगार सेवकों को पिछले 9 से 20 महीनों से मानदेय नहीं मिला है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। वे अपने बच्चों की स्कूल फीस तक नहीं भर पा रहे हैं। साथ ही दैनिक खर्चों को पूरा करने में भी परेशानी का सामना कर रहे हैं।मनरेगा मजदूरों की स्थिति भी चिंताजनक है। पिछले 5 महीनों से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। इस कारण मजदूर काम पर आने से मना कर रहे हैं। प्रदेश और जिला संगठन के निर्देश पर रोजगार सेवकों ने कलम



बंद हड़ताल शुरू की है।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रोजगार सेवक शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी।




## पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

**मो. 8218049162**

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत ने सिंचाई बन्धु की बैठक कर किसानों की समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

## 30 अप्रैल तक संचालित अभियान के तहत फार्मर रजिस्ट्री कराने का किया आव्हान

अलीगढ़ रू मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सिंचाई बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। मा0 अध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा किसान हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरतते हुए किसी के साथ भेदभाव न करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी किसान नेताओं एवं किसान बन्धुओं से आव्हान किया किया शासन की प्राथमि. कता में शामिल फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत सभी किसान बन्धु जनसेवा केंद्रों के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन 30 अप्रैल तक अवश्य करा लें। बैठक में विद्युत विभाग द्वारा 05 वर्ष पूर्व सामान्य योजना में धनराशि जमा करने के बावजूद ट्यूबवैल का कनैक्शन एवं सामान न दिए जाने पर



कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए अगली बैठक से पूर्व समस्या निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना की धीमी प्रगति पर कृषि विभाग को अधिकाधित किसानों को योजना का लाभ दिए जाने के निर्देश दिए। ब्लॉक बिजौली के ग्राम सिरसा के प्रधान ने गॉव की विभिन्न समस्याओं– सड़क, नाली, खड़ंजा, हैण्डपंप को बैठक में रखा जिस पर मा0 अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में प्राप्त सभी समस्याओं के गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए एक बार स्थलीय निरीक्षण कर समस्या की अच्छी तरह से समझ उसका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में किसानों को सिंचाई की अधिक आवश्यकता होगी ऐसे में सभी नहरों और रजवाहों में टेल तक फीडिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को भी रोस्टर के अनुसार किसानों को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए बैठक में एक्सईन सिंचाई राजेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी, समेत अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग में अधिकारियों को मिले उपकरण


अलीगढ़ संभागीय परिवहन अधिकारी दीपक कुमार शाह ने अधीनस्थ अधिकारियों को कम्प्यूटर, लैपटॉप एवं ब्रेथ एनलाइजर प्रदान किए। बुधवार को परिवहन कार्यालय में प्रवेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को एक लैपटॉप, डॉ० ज्योति मिश्रा, यात्रीकर अधिकारी को एक ब्रेथ एनालाइजर, सतेन्द्र कुमार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एटा को एक लैपटॉप एवं एक ब्रेथ एनालाइजर, रामबाबू यात्रीकर अधिकारी, हाथरस को एक लैपटॉप एवं ब्रेथ एनालाइजर और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कासगंज को एक कम्प्यूटर, एक लैपटॉप एवं एक ब्रेथ एनालाइजर प्राप्त कराये गये। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश में राजस्व प्राप्ति में प्रथम स्थान प्राप्त होने के दृ ष्टिगत परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार कार्यालय के सड़क सुरक्षा कक्ष में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ टी पार्टी का भी आयोजन किया गया इस आयोजन में दीपक कुमार शाह, संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन व प्रवर्तन, सतेन्द्र कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन व प्रवर्तन एटा, रामबाबू, यात्रीकर अधिकारी, हाथरस, चम्पालाल, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक एवं कार्यालय के कर्मचारी उपेन्द्र विक्रम सिंह, आयुष भटनागर, राजकुमार भारती, रामपाल सिंह, सैयद वकार मेंहदी जैदी, इफ्राहीम अहमद खां, मसूद अहमद फारूकी, कमलेश शर्मा, पूनम यादव, फूल. चन्द्र, पुष्पेन्द्र कुमार, रोहित शर्मा एवं शुभम जायसवाल डीबीए उपस्थित रहे।

## क्षेत्र पंचायत इगलास की बैठक 15 अप्रैल को

अलीगढ़ ब्लॉक प्रमुख इगलास की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत इगलास की बैठक 15 अप्रैल को 11 बजे से होगी।उक्त जानकारी देते हुए खण्ड विकास अधिकारी दीपक कुमार ने बताया है कि बैठक में पेयजल, स्वास्थ्य, बाल विकास, पशुपालन, प्राथमिक शिक्षा, ग्रामीण विद्युतीकरण, सिंच. ई, निःशुल्क बोरिंग, आजीविका मिशन, मनरेगा एवं लाभार्थीपरक योजनाओं समेत अन्य जनहित के विषयों पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा।

## अलीगढ़ में सिर पर दुपट्टा रखना पड़ा भारी,छात्रा का तीन बार जाति प्रमाणपत्र रिजेक्ट,NEET से हुई वंचित





अलीगढ़ जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. छात्रा के मुताबिक NEET परीक्षा से वंचित होना पड़ा क्योंकि उसके जाति प्रमाणपत्र को तहसील कर्मी ने तीन बार निरस्त कर दिया. छात्रा के मुताबिक, उसने आवेदन में लगी फोटो में सिर पर दुपट्टा ओढ़ रखा था.हेमा का कहना है कि पहली बार ऑनलाइन आवेदन किया गया, लेकिन कोई स्पष्ट कारण बताए बिना रिजेक्ट कर दिया गया. दूसरी बार जब आवेदन किया गया तो फोटो में सिर पर दुपट्टा होने के कारण आवेदन फिर से खारिज कर दिया गया. तीसरी बार बिना दुपट्टे वाली फोटो के साथ आवेदन किया, लेकिन तब भी प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया. मामला अलीगढ़ की तहसील अतरौली क्षेत्र के गांव मंजूरगढ़ी की हेमा कश्यप का है, जो ओबीसी प्रमाणपत्र के लिए तीन बार आवेदन कर चुकी हैं.छात्रा हेमा कश्यप ने बताया कि वह पिछले एक साल से छम्म्ज की परीक्षा की तैयारी कर रही थी, लेकिन ओबीसी प्रमाणपत्र न होने के कारण वह परीक्षा का फॉर्म ही नहीं भर सकी. हेमा का कहना है कि सिर पर दुपट्टा रखना भारतीय संस्कृ ति का हिस्सा है. गर्मी से बचने के लिए दुपट्टा डाल रखा था. चेहरा फोटो में साफ दिख रहा था, फिर भी इसे आधार बनाकर आवेदन निरस्त करना अन्यायपूर्ण है. तहसील कर्मियों का कहना है कि फोटो में सिर पर दुपट्टा नहीं होना चाहिए था, इसलिए आवेदन खारिज किया गया. हेमा ने जिलाधिकारी संजीव रंजन को शिकायत पत्र सौंपकर दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की. जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के निर्देश दिए हैं.

## बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जन्म जंयती 14 अप्रैल पर विकास भवन सभागार में आयोजित होगा कार्यक्रम

अलीगढ़ जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी की जन्म जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस अवसर पर विकास भवन सभागार में प्रातः 9:00 बजे उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने विकास भवन के समस्त अनुभागीय अधिकारियों एवं स्टाफ से कहा है कि वह ससमय उपस्थित होकर डॉ0 आम्बेडकर जी की जन्म जयंती समारोह में प्रतिभाग करें।

**अलीगढ़ में पारा 40 के पार, प्रशासन अलटर्रूशहर में 200 जगहों पर रखे जाएंगे ठंडे पानी के मटके, नगर निगम कर रहा है छिड़काव**

## डीएम ने विद्यार्थियों को सकारात्मक, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए की बैठक

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा धर्मसमाज इंटर कॉलेज सभागार में शिक्षण सत्र 2025–26 के प्रारंभ होने पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आहुत बैठ. कका मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों को सक. ारात्मक, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो। जिले ने विगत सत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, फिर चाहे वह बोर्ड परीक्षा परिणाम हो या फिर शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नवाचार। उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया कि हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति को बनाए रखते हुए उसको और सुदृढ़ करना सामूहिक लक्ष्य होना चाहिए।बैठक में शैक्षणिक वातावरण में उन्नति, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, शासकीय योजनाओं को प्रभावपूर्ण ढंग से लागू करने, विद्यालयों में नामांकन को बढ़ावा देने के साथ ही जिले के माध्यमिक विद्यालयों में गत सत्र में हुई उन्नति एवं सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर



विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में एडीआ. ईओएस मनोज कुमार, नौरंगी लाल राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रवींद्र पाल सिंह तोमर, प्रधानाचार्य डॉ कौशलेंद्र कुमार, डॉ विपिन कुमार वार्ष्णेय, डॉ अनूप शर्मा, डॉ डालेश काकरान उपस्थित रहे।

## सर्किल रेट निर्धारण के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन, तहसील कोल में 19 एवं खैर में 45 प्राप्त आपत्तियों का हुआ निराकरण

अलीगढ़ जिला कलैक्टर संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सर्किल रेट निर्धारण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। डीएम द्वारा सर्किल रेट के प्रारूप पर प्राप्त आपत्तियों को विस्तारपूर्वक सुना गया। बैठक में उपस्थित आए सभी पक्षों की बातों पर गंभीरता से विचार किया गया। डीएम संजीव रंजन ने दरें निर्धारित करने के उपरांत 15 अप्रैल 2025 से लागू करने के निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में संपत्ति मूल्यांकन के लिए सर्किल रेट निर्धारित किए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। सर्किल रेट के निर्धारण के सबंध में 7 अप्रैल तक आपत्तियाँ मांगी गई थीं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों को पारदर्शी ढंग से संज्ञान में लेते हुए उनका समाधान किया गया है। संबंधित अधिकारियों ने सर्किल रेट निर्धारण में जनहित को प्राथमिकता देते हुए सभी क्षेत्रों में संतुलित एवं न्यायसंगत दरें निर्धारित की हैं। जिलाधिकारी ने जिले में नए सर्किल रेट अनुमोदित करते हुए 15 अप्रैल से लागू करने के निर्देश दिए हैं।



बैठक का संचालन करते हुए एडीएम वित्त मीनू राणा ने बताया कि शहर, कस्बा, गांव देहात की भूमि एवं मूल्यों के सबंध में सर्वे कराए जाने के उपरांत कई चरणों मे बैठकें आहूत की गईं। जिले में सर्किल रेट निर्धारण के सबंध में सभी निबंधन कार्यालयों से तैयार प्रस्तावित सर्किल रेट को जारी करते हुए 7 अप्रैल तक कुल 64 आपत्तियाँ प्राप्त हुईं। तहसील कोल में 19 एवं खैर में 45 आपत्तियाँ प्राप्त हुईं। अन्य 3 तहसीलों से कोई आपत्ति दर्ज नही की गई। बुधवार को आयोजित बैठक में सभी आपत्तियों का प्रभावी निराकरण करते हुए जिले में 15 अप्रैल से नवीन सर्किल दरों को लागू किया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संबंधित एसडीएम कार्यालय या पंजीयन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।बैठक में उप जिलाधिक. ारीगण, तहसीलदार, पंजीयन विभाग के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## गिलहराज जी मंदिर में अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन


अलीगढ़ ।महानगर के अचल ताल स्थित गिलहराज मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत 24 घंटे अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया और इस रामायण पाठ में मंदिर परिवार के सदस्य व श्रद्धालु शामिल हुए ।आपको बता दें कि मंगलवार से शुरू हुआ यह अखंड रामायण पाठ बुधवार की सुबह 11 बजे तक चला ।वहीं मंदिर के महंत योगी कौशल नाथ ने बताया कि हरिगढ़ शहर के साथ साथ देश और विश्व की सुख शांति की कामना करते हुए मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है और रामायण पाठ से हरिगढ़ के वातावरण में दिव्य शक्ति का वास होगा ।इस दौरान कृष्णा बृजवासी भजन मंडल के सदस्यों ने ढोलक बाजे की संगीतमय लय पर बहुत सुंदर पाठ का वाचन किया साथ ही पंडित गुरुदयाल ने हनुमान जी के भाजन गाये और सभी भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ पाठ का श्रवण किया ।आयोजन में मुनेंद्र यादव, गौरव मोर्या,प्रथम जोशी,प्रिया गोस्वामी, अनुष्का गोस्वामी,इशिका वर्मा,तनुश्री वर्मा इत्यादि भक्त जन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय श्री वार्ष्णेय युवा संगठन एवं अक्रूर जी महाराज शोभा यात्रा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 11 अप्रैल को 27 वा श्री अक्रूर जी महाराज की जयंती समारोह का होगा आयोजन

अखिल भारतीय श्री वार्षीय युवा संगठन एवं अकूरजी महाराज शोभायात्रा समिति के संयुक्त तत्वाधान में 11 अप्रैल 2025 को 27 वीं श्री अकूर जी महाराज की जयंती समारोह अकूर पार्क पर धूमधाम से मनाया जायेगा ।संगठन के मुख्य संरक्षक आशुतोष वार्षीय ने बताया कि 11 अप्रैल को प्रातः 10 बजे अकूर पार्क में हवन पूजन होगा जिसमें श्री वार्ष्णेय अशोक नगर मंडल की सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर मुख्य यजमान विनोद पी.एल., संजीव स्टील, आकाश कोल और यजमान अतुल सी.ए., ओमप्रकाश वार्षीय, कृष्ण कुमार आदि होगे। हवन पूजन के बाद कार्यक्रम का उद्घाटन संजीव स्कैंप और गिरीश गुप्ता करेंगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हरिशंकर प्रभाकर करेंगे। दीप प्रज्जवलन ई० हरेन्द्र वार्ष्णेय और अनमोल रतन जी करेगें। मुख्य अतिथि सी. ए आर.पी. वार्ष्णेय व मुख्यावक्ता शहर की विधायक होगी संगठन प्रभारी मनोज गुप्ता ने बाताया इसी अवसर पर समाज के आधा दर्जन बुजुर्गों का सम्मान और आधा दर्जन मरणोपरान्त सम्मान दिया जायेगा ।मुख्य संयोजक सुभाष चन्द्र वार्ष्णेय ने बताया कि सम्मान समारोह के उपरान्त सायं 5 बजे से श्री अकूर जी महाराज की शोभा यात्रा श्री अकूर जी पार्क से निकाली जायेगी। यह शोभायात्रा अकूरजी पार्क से प्रारम्भ होकर कटपुला, एस.पी.सिटी कार्यालय से मालगोदाम, अफसरा मार्केट, ढपरा रोड, सराय हकीम, बारहद्वारी चौराहा, पत्थर पार्क, मामूभांजा, कम्पनी बाग होते हुए आगरा रोड़ से मदारगेट चौराहा से अचलताल रोड़ होते हुए रामलीला ग्राउड से वार्ष्णेय मंदिर पर समाप्त होगी ।अध्यक्ष रतन देव वार्ष्णेय व महामंत्री प्रभात वा[illegible]य से संयुक्त रूप से बताया कि इस शोभा यात्रा में आगरा, मेरठ, दिल्ली, रूडकी व अलीगढ़ के आधा दर्जन बैंड एवं मैनपुरी, हापुड, मथुरा, बुलन्दशहर, एटा आदि जिलों से तीन दर्जन झाकियों और कई काली के स्वरूप होंगें। इस शोभायात्रा में बारहसैनी समाज के बारह घुडसवार राजकुमार प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहेगें। शहर में शोभायात्रा मार्ग पर स्वागत द्वार बनाए गये है।इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया जायेगा। इस दौरान वार्षीय समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा श्री अकूरजी पर आधारित नृत्य गायन किया जायेगा। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया है ।पूर्व महापौर आशुतोष वार्ष्णेय ने शहर के सभी समाज सेवियों से अपील की है कि अपने–अपने घरों और दुकानों पर शोभायात्रा का उत्सवर्धन करने के लिए लाइट व पानी की व्यवस्था करें। साथ ही शोभायात्रा में विराजमान श्री अकूर जी महाराज की आरती भी करें ।इस अवसर पर आशुतोष वार्ष्णेय, मनोज गुप्ता, कालीचरन वार्ष्णेय, रतनदेव वार्ष्णेय, प्रभात वार्ष्णीय, हेमन्त गुप्ता कम्प्यूटर, सुमित विद्यार्थी, प्रवीन टप्पल, संजय दवाई, बाबू लाल गोडा, गोपाल नारायण अकूर जी, प्रमोद गुप्ता, अर्जुन देव वार्ष्णेय, मनोज पप्पू जयबाबू गुप्ता, सुभाष गुप्ता एड० संजीव एड०, शुभम वार्ष्णेय आदि उपस्थित थे।

# कासगंज की ततारपुर कॉलोनी में एक प्रेमी युगल की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई

कासगंज की ततारपुर कॉलोनी में एक प्रेमी युगल की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। 17 वर्षीय युवती की मंगलवार शाम बीमारी से मौत हुई। इसके बाद 21 वर्षीय सोमवीर ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद उसकी मौत हो गई।बता दें, युवती को मंगलवार शाम 5 बजे पेट दर्द की शिकायत हुई थी। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं सोमवीर को जहर खाने के बाद रात 1 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया मृतक सोमवीर के भाई जसवीर ने बताया कि दोनों एक–दूसरे के पड़ोसी थे। उन्हें आज पता चला कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। पहले उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती के अनुसार प्रारंभिक जांच में लड़की की मौत बीमारी से होना सामने आया है। लड़के ने आत्महत्या की है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दोनों के घरों में मातम का माहौल है।



# कासगंज जिले में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत

जिले में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला नगला पट्टी गांव का है। यहां घर के बाहर खेल रहे 4 वर्षीय ललित पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे का चेहरा बुरी तरह नोच दिया।घायल बच्चे को कासगंज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम बच्चे के चेहरे पर टांके लगाकर उपचार कर रही है। जिले में यह पहला मामला नहीं है। पिछले कुछ महीनों में आवारा कुत्तों के हमले से एक 6 वर्षीय बच्चे की मौत हो चुकी हर रोज जिला अस्पताल में कुत्ता काटने के करीब 100 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन आवाराकुत्तों को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इससे आम लोगों की सुरक्षा खतरे में है।



# पड़ाव दुबे पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

अलीगढ़।महानगर के पड़ाव दुबे सब्जी मंडी मार्केट में विगत दिवस विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रेम पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान यहां पर उपस्थित भोला शंकर वार्ष्णेय ने कहा कि साल में दो बार माता दुर्गा के नवरात्रि आते हैं तब यहां पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है।कार्यक्रम में दोपहर एक बजे आचार्य यश भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराई जबकि इस मौके पर यहां गणेश मंदिर के महंत विनय नाथ महाराज के अलावा थाना गांधी पार्क के प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप सिंह,भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय,भोला शंकर वार्ष्णेय,ललित वार्ष्णेय,गोविन्द वार्ष्णेय,गौरव बालाजी, लक्की आटा,नवीन,संदीप मित्तल आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कासगंज : पटियाली सीएचसी में गंदगी देख भड़के सीएमओ ने लगाई फटकार

कासगंज बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी ने पटियाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखाई दिए, लेकिन साफ सफाई व्यवस्थओ से असंतुष्ट दिखाई दिए। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव अग. वाल, जिला प्रोग्राम मैनेजर पवन कुमार के साथ बुधवार की सुबह 11 बजे के लगभग पटियाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। जहां उन्होंने महिला वार्ड, जनरल वार्ड के अलावा ओपीडी और स्टाफ के रजिस्ट्रर को मिलान किया, लेकिन उन्हें सब कुछ ठीक ठाक मिला। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और तीमरदारों से बातचीत की। वह सुविधाओं से संतुष्ट दिखाई दिए, लेकिन शौचालय और अस्पताल की साफ सफाई का अभाव दिखाई दिया, जिससे वह भड़क गए।उन्हा. ने पटियाली सीएचसी अधीक्षक डॉ. शिवाश्री तिवारी को साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बाद में उन्हा. ने दवा वितरण का भी जायजा लिया। उन्हें सब कुछ ठीक ठाक दिखाई दिया। सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल ने चिकित्सकों और स्टाफ से कहा कि मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। उनकी अच्छे से देखभाल करें। मरीज के साथ लाप. रवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्पताल में दवाईयो की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त दवाएं है।



# एटा जिले के धान मिल के समीप बीती रात सड़क हादसा हुआ

एटा जिले के धान मिल के समीप बीती रात सड़क हादसा हुआ। जालौन से कुरुक्षेत्र जा रही एक कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गए। घटना रात करीब 2 बजे की है।कार में सवार परिवार जालौन के राठौरण से कुरुक्षेत्र जा रहा था। कार में 6 बच्चे और 4 बड़े लोग सवार थे। हादसे में मुकेश की पत्नी सीमा (35) की मौत हो गई। घायलों में मुकेश (पुत्र रामबाबू), मीना (35), सर्वेश (36), शकुंतला (35), सुनील (15), संध्या (10), शिवानी (10), सुहानी (5), भानु (4) और वैष्णवी (5) शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने चीख–पुकार सुनकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। परिजनों का आरोप है कि रात में डॉक्टर सिर्फ एक बार देखकर गए और उसके बाद कोई नहीं आया। दो बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना प्रभारी हर के सिंह ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

# एटा में सैकड़ों राशन विक्रेताओं ने डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा

एटा में सैकड़ों राशन विक्रेताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले कोटेदारों ने लाभांश बढ़ाने की मांग की है।जिला अध्यक्ष पूरनमल प्रेमी के नेतृत्व में डीएम प्रेमरंजन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। कोटेदारों का कहना है कि वे ईकेवाईसी, किसान पंजीकरण और आयुष्मान कार्ड जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।अन्य राज्यों में मिल रहा है लाभ उत्तर प्रदेश में कोटेदारों को काम के अनुसार उचित लाभांश नहीं मिल रहा है। अन्य राज्यों में कोटेदारों को 300 रुपए प्रति क्विंटल तक कमीशन दिया जा रहा है। साथ ही कुछ राज्यों में मानदेय भी दिया जाता है।जिलाध्यक्ष पूरनलाल प्रेमी ने कहा कि लाभांश बढ़ाया जाए। इससे कोटेदारों के परिवार का भरण–पोषण हो सकेगा। उन्होंने सरकारी कामकाज में सहभागिता के लिए अतिरिक्त मेहनताना देने की भी मांग की है।

# निवेश कंपनियों से ठगे गए लोगों ने अनोखा प्रदर्शन किया

एटा जिले में निवेश कंपनियों से ठगे गए लोगों ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर दर्जनों पीड़ित परिवारों ने ढोल और मजीरे की थाप पर अपनी आवाज बुलंद की।ठगी पीड़ित जमा. कर्ता परिवार के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन की अगुवाई जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने की। उन्होंने बताया कि सहारा और कल्पतरु जैसी कंपनियों में लाखों लोगों का करोड़ों रुपया फंसा हुआ है। निवेशक लगातार प्रशासन के दरवाजे खटखटा रहे हैं।सालों से मांग रहे रकम वापस प्रशासन ने हजारों निवेशकों का डाटा तो जमा कर लिया है, लेकिन अभी तक किसी को पैसा वापस नहीं मिला है। राजकुमार सिंह ने कहा कि सालों से लोग अपनी रकम वापसी की मांग कर रहे हैं। जिस तरह कोरोना काल में ढोल–मजीरे से लोगों को जगाया जाता था, उसी तरह अब प्रशासनिक अधिकारियों को जगाने के लिए यह प्रदर्शन किया जा रहा है।पहले भी कर चुके हैं प्रदर्शन पीड़ितों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून का पालन नहीं हो रहा है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। इससे पहले भी सैकड़ों पीड़ित परिवार धरना–प्रदर्शन कर चुके हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जल्द से जल्द उनकी फंसी हुई रकम वापस कराई जाए।



# कासगंज :बकरी बचाने की कोशिश में ट्रेन से कटकर महिला की मौत

गंजडुंडवारा गंजडुंडवाराथाना क्षेत्र में स्थित ग्रीन पब्लिक स्कूल कैंची वाली पुलिया के पास बकरी चरा रही महिला की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बकरी बचाने की कोशिश में वह ट्रेन की चपेट में आ गई। घटना के बाद से महिला के परिवार में कोहराम मचा है घटनाक्रम के मुताबिक कुरैशी मोहल्ला ग्राम गणेशपुर निवासी महिला साइना उम्र 36 पुत्री इरशाद बकरी चराने घर से निकली थी। वह रेलवे ट्रैक पर बकरी चुगा रही थी। इसी दौरान तय समय पर फर्रुखाबाद से कासगंज जाने वाली ट्रेन संख्या 15037 आने लगी। ट्रेन देखकर वह ट्रैक पर मौजूद बकरी चराने को दौड़ पड़ी। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गई। जिसकी उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बकरी की भी मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया। मौजूद लोगों ने शव की पहचान चाइना के रूप में की गई। जिसके बाद जानकारी परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# सपा सांसद सुमन की सदस्यता रद्द हो, चले देशद्रोह का मुकदमा चले

कासगंज।संवावदाता इंद्रपाल राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत अपनी टीम के साथ जिले में पहुंचे। क्षत्रिय समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महापुरुष वीर राणा सांगा के खिलाफ संसद में अमर्यादित टिप्पणी करके देश, क्षत्रियों और सनातन का सपा सांसद ने अपमान किया है। सपा सांसद की सदस्यता समाप्त कर देश द्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी तीखे प्रहार किए, कहा उन्हें सांसद रामजीलाल सुमन को निष्कासित करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने कहा कि करणी सेना के कार्यकर्ताओं का आगरा में उत्पीड़न किया गया। उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए। थाने में भी करणी सेना के कार्यकर्ताओं की पिटाई की गई। करणी सेना के योद्धाओं पर सपा सांसद के घर पर हमला हुआ और उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। देश के गौरव महान योद्धा के मामले में सरकार कार्रवाई नहीं करती तो करणी सेना अपमान करने वालों के घरों में घुसकर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि आगरा में गढ़ीरामी कुबेरपुर में 12 अप्रैल को क्षत्रिय रक्त स्वाभिमान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें देशभर से करणी सेना और सनातन धर्म के लोग आएंगे। उन्होंने सरकार व प्रशासन को 12 अप्रैल शाम 5 बजे तक की चेतावनी दी है, कहा उनकी मांगे नहीं मानी गई तो करणी सेना सांसद रामजीलाल सुमन के घर का घेराव करेगी। न्याय मिलने तक यह लड़ाई जारी रकेगी। हम अपने महापुरुषों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान संगीता सिंह, विवेक सिकरवार, टीपी सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



# वीआई पी व्यवस्थाओं के साथ ,स्विमिंग पूल का अब कासगंज में मिलेगा आनंद,

कासगंज,संवावदाता इंद्रपाल राजपूत



गर्मियों की छुट्टियों में या गर्मियों के दिनों के आनंद लेने कासगंज से लोग बाहर भी जाते हैं लेकिन अब कासगंज में सभी व्यस्थाओं के साथ नया जे बी स्विमिंग पूल वी वी सलेमपुर रोड अशोक नगर कासगंज में खुल गया है जहां गर्मियों का भरपूर आनंद मिलेगा। आज स्विमिंग पूल का उदघाट्न हुआ जहां मारहरा विधायक व काफी संख्या में भीड़ मौजूद रही। काफी संख्या में लोगों ने स्वीमिंगपूल में नहाकर आंनद लिया जिसमें बच्चे भी शामिल रहे।

# नंबर बढ़वाने के नाम पर छात्रा का बनाया वीडियो

कासगंज। **संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** यूनिवर्सिटी में नंबर बढ़ाने के नाम पर छात्रा से पहले दोस्ती की। उसके बाद वीडियो बना लिया। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर की छात्रा की सोशल मीडिया के माध्यम से किशन कुमार निवासी बुलंदशहर से जान पहचान हो गई। छात्रा को बताया कि यूनिवर्सिटी में उसकी जान पहचान कुलपति से है।परीक्षा में नंबर बढ़ाने के नाम पर मिलने के लिए बुलाया। छात्रा का आरोप है कि जब वह मिलने पहुंची, तो वहां पर आरोपी ने कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसी दौरान वीडियो बना ली। वीडियो वायरल की धमकी देकर 29 नवंबर 2024 को अपने दो साथियों के साथ गाड़ी में डालकर ले गया।परीक्षा में नंबर बढ़ाने के नाम पर मिलने के लिए बुलाया। छात्रा का आरोप है कि जब वह मिलने पहुंची, तो वहां पर आरोपी ने कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसी दौरान वीडियो बना ली। वीडियो वायरल की धमकी देकर 29 नवंबर 2024 को अपने दो साथियों के साथ गाड़ी में डालकर ले गया।उससे किसी कागज पर हस्ताक्षर करा लिए। इस मामले की जानकारी छात्रा ने अपनी मां को दी। मां ने युवक से बात की तो उसने छात्रा के फोटो और शादी का प्रमाणपत्र फोन पर भेज दिया। छात्रा ने पुलिस से किशन, रेशमपाल और विवेक कुमार के खिलाफ तहरीर दी है। सीओ आंचल चौहान ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।